E-Mail ID cfgarhwalp@gmail.com, cfgarhwal555@gmail.com, Phone/Fex 01368-222566

# कार्यालय वन संरक्षक, गढ़वाल वृत्त, उत्तराखण्ड, पौड़ी

पत्रांकः– 2826 / 12–1 दिनांक, पौड़ी, मई 05, ,2026.

सेवा में,

प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी,
वन संरक्षण, देहरादून।

विषय– जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र श्रीनगर के अन्तर्गत मुछियाली–चराकोट मोटर मार्ग के कमरगढ़ होते हुए देहलचौरी तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 1.19 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु लो0नि0वि0 को प्रत्यावर्तन।
**प्रस्ताव सं0– FP/UK/ROAD/145876/2021**

सन्दर्भ– भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय क्षेत्रीय कार्यालय देहरादून का पत्रांक 8 बी/यू0सी0पी0/06/123/2021/एफ0सी0/1268 दिनांक 24.12.2021

महोदय,

उपरोक्त सन्दर्भित पत्र से चाही गई 05 बिन्दुओं की सूचना प्रभागीय वनाधिकारी सिविल एवं सोयम वन प्रभाग, पौड़ी द्वारा अपने पत्रांक 990/12–1 दिनांक 05.03.2026 एवं 1187/12–1 दिनांक 08.04.2026 से इस कार्यालय को प्रेषित की गई, जो निम्नप्रकार है।

| क्र0 | चाही गई सूचना | उत्तरालेख |
|---|---|---|
| 1 | सी.ए. क्षेत्र के डी.एस.एस. विश्लेषण के अनुसार, सिविल सोयम भूमि में 2.00 है0 क्षेत्र एम0डी0एफ0 में पाया गया है। मंत्रालय द्वारा दिये गये दिशा– निर्देश दिनांक 08.11.2017 के अनुसार, क्योंकि सी0ए0 क्षेत्र वन विभाग के कब्जे में नही है, सी0ए0 हेतु क्षेत्र को स्वीकार किया जा सकता है तथा आपसे अनुरोध है कि अवनत भूमि में शेष पौधारोपण योजना एवं चयनित क्षेत्र का विवरण के0एम0एल0 फाईल इत्यादि प्रस्तुत करने का कष्ट करें। | प्रभागीय वनाधिकारी सिविल एवं सोयम वन प्रभाग, पौड़ी द्वारा अपने पत्रांक 990/12–1 दिनांक 05.03.2026 एवं 1187/12–1 दिनांक 08.04.2026 से अवगत कराया गया है कि क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु दुगनी भूमि एम0डी0एफ0 में होने के कारण पुनः जिलाधिकारी महोदया पौड़ी के पत्र सं0–286/08 एल0ए0सी0–2020–24 दिनांक 30.12.2024 के द्वारा ग्राम कौला मल्ला, पट्टी–बिजलोट तहसील धुमाकोट के नॉन0जैड0ए0 खाता खतौनी सं0–07, खसरा सं0–2383, कुल रक्वा 2.38 है0 भूमि क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु प्रभागीय वनाधिकारी, गढ़वाल वन प्रभाग, पौड़ी के नाम हस्तान्तरण किया गया है। क्षतिपूरक वनीकरण हेतु पौधारोपण योजना, तथा चयनित क्षेत्र के समरेखण की के0एम0एल0 फाईल पेनड्राइव के माध्यम से संलग्न कर प्रेषित की जा रही है। **(प्रति संलग्न–1)** |
| 2 | के0एम0एल0 फाईल के अवलोकन उपरान्त यह पाया गया है कि सभी ग्राम पूर्व से ही मार्ग से जुड़े हुये है, वन क्षेत्र में 107 वृक्षों के पातन के साथ अतिरिक्त मार्ग का निर्माण उचित प्रतीत नहीं होता है। प्रस्तावित मार्ग केवल दो मौजूदा मार्गो को जोड़ता प्रतीत होता है। अतः आप इस पर अपना स्पष्ट प्रतिवेदन इस कार्यालय में प्रेषित करने का कष्ट करें। | प्रस्तावक विभाग द्वारा प्रभागीय वनाधिकारी सिविल एवं सोयम वन प्रभाग के माध्यम से अवगत कराया गया है कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकासखण्ड कोट के अन्तर्गत मुछियाली– चराकोट कमरगढ़ होते हुये देहलचौंरी बाजार तक 4.500 कि0मी0 में प्रस्तावित है। ग्राम–पंचुर, देहल, कमरगढ़ व टपराड़ी आदि गांवों का मुख्य बाजार देहलचौंरी है तथा इसी स्थान पर इण्टर कॉलेज देहलचौंरी एवं देहलचौंरी से लगभग 20.00 कि0मी0 दूरी पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भी स्थित है। इस भाग के निर्माण से जहां एक ओर पंचुर, कमरगढ़ एवं देहल ग्राम की जनता को मोटर मार्ग से जुड़ने की सुविधा प्राप्त होगी, वहीं दूसरी ओर इस क्षेत्र के समस्त ग्रामों की जनता को तहसील मुख्यालय, बेस चिकित्सालय तथा जनपद मुख्यालय पौड़ी तक पहुंचने में आसानी होगी। इस प्रकार प्रस्तावित मोटर मार्ग के निर्माण से ग्राम देहल, कमरगढ़ व पंचुर आदि ग्रामों का आर्थिक व सामाजिक विकास दृढ़ गति से होगा। मार्ग निर्माण से क्षेत्र में रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। ग्राम पंचुर, टपराड़ी, देहल व कमरगढ़ आदि ग्रामों को अरकनी–खन्दूखाल–मुछियाली मोटर मार्ग से देहलचौंरि बाजार तक जाने की सुविधा प्राप्त है, जिसकी दूरी 39.00 कि0मी0 है। उक्त मोटर मार्ग के निर्माण से ग्रामवासियों को लगभग 2.00 कि0मी0 कम दूरी तय करनी पड़ेगी। |

क्रमशः पेज 02 पर

JAIDEEP 01C

*E-Mail ID cfgarhwalp@gmail.com, cfgarhwal555@gmail.com, Phone/Fex 01368-222566*

| | | |
|---|---|---|
| 3 | एफ0आर0ए0 के एस0डी0एल0सी0 में दिनांक का उल्लेख नहीं किया गया है। अतः आपसे अनुरोध है कि दिनांक अंकित करते हुये एस0डी0एल0सी0 बैठक की Proceeding Upload करने का कष्ट करें। | प्रस्तावक विभाग द्वारा प्रभागीय वनाधिकारी सिविल एवं सोयम वन प्रभाग के माध्यम से अवगत कराया गया है कि एफ0आर0ए0 के एस0डी0एल0सी0 में दिनांक अंकित कर दी गई है। पुनः अपलोड़ कर दिया गया है। **(प्रति संलग्न–2)** |
| 4 | पंचूर ग्राम की वी0एल0सी0 बैठक की Proceeding Upload नही पायी गयी है। आपसे अनुरोध है कि पंचूर ग्राम की वी0एल0सी0 बैठक की Proceeding विधिवत स्वीकृति से पूर्व Upload करने का कष्ट करें। | प्रस्तावक विभाग द्वारा प्रभागीय वनाधिकारी सिविल एवं सोयम वन प्रभाग के माध्यम से अवगत कराया गया है कि पंचूर ग्राम कीवी0एल0सी0 बैठक की Proceeding पुनः Upload कर दी गयी है। **(प्रति संलग्न–3)** |
| 5 | भाग–।। में Uploaded सी0ए0 योजना और स्थल निरीक्षण आख्या स्वच्छ रूप से Scanned एवं पढ़ने योग्य नहीं है। आपसे अनुरोध है कि इन दस्तावेजों की मूल प्रति अपलोड करने का कष्ट करें। | प्रस्तावक विभाग द्वारा प्रभागीय वनाधिकारी सिविल एवं सोयम वन प्रभाग के माध्यम से अवगत कराया गया है कि भाग–।। में Uploaded सी0ए0 योजना और स्थल निरीक्षण आख्या स्वच्छ रूप से Scanned कर पुनः अपलोड कर दी गयी है। **(प्रति संलग्न–4)** |

**संलग्नकः– यथोपरि**

भवदीय

**(आकाश कुमार वर्मा)**
वन संरक्षक
गढ़वाल वृत्त उत्तराखण्ड पौड़ी

**पत्रांकः–** 2826/12-1 **दिनांकित**

**प्रतिलिपि–** प्रभागीय वनाधिकारी सिविल एवं सोयम वन प्रभाग पौड़ी को उपरोक्त पत्र के क्रम में सूचनार्थ प्रेषित।

**(आकाश कुमार वर्मा)**
वन संरक्षक
गढ़वाल वृत्त,उत्तराखण्ड,पौड़ी।

JAIDEEP